Public education
Discover a world of opportunities

प्री-प्राइमरी

राइटिंग और स्पेलिंग : घर पर सीखना

राइटिंग (लेखन) और स्पेलिंग महत्वपूर्ण हैं!

स्पीकिंग (बोलना) और लिसनिंग (सुनना) वे मूल हैं जिन पर राइटिंग, स्पेलिंग और रीडिंग (पठन) का निर्माण होता है। प्री-प्राइमरी में, आपकी संतान अपने शिक्षा के सफर को जारी रखती है और जैसे-जैसे उसमें आत्म-विश्वास बढ़ता है, वह शब्दों और लेखन के साथ और अधिक परिचित होती जाती है।

मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

- नियमित रूप से अपनी संतान के साथ पढ़ें। मिलकर शब्दों और किताबों की खोज करें, और जब आप लिख रहे हों तो इस कार्य में उन्हें शामिल करें।
- जब आप मिलकर पढ़ते हैं, तो उनके साथ उन शब्दों के बारे में बात करें जिन्हें आप पढ़ते हैं। उदाहरणत:, तुकबंदी करने वाले शब्द जैसे कि: बैट और कैट, और शब्दों के शुरू में पैदा होने वाली आवाज़ के बारे में बात करें। जब आपकी संतान सुखद महसूस करे, तो शब्दों के अंत में आने वाली ध्वनियों के बारे में बात करें।
- अपनी संतान को प्रोत्साहित करें कि वह नोट्स, ई-मेल और शॉपिंग लिस्ट लिखने में आपकी मदद करे। पेन और पेंसिल तैयार रखें ताकि वे आपके साथ लिखने की कोशिश कर सकें।
- मिलकर शब्दों के खेल खेलें जैसे कि सरल शब्दों की खोज करना।

विकलांगता से ग्रस्त बच्चे को आम-तौर पर उस समय लाभ पहुँचता है और उस दौरान घनिष्ठ संपर्क और प्रोत्साहन से आनन्द मिलता है जब उसे उसकी मनपसंदीदा कहानियाँ पढ़कर सुनाई जाती हैं या उसके साथ बाल कविता गाई जाती है। यदि आपकी संतान विकलांगता से ग्रस्त है, तो उनके अपनी क्षमता के अनुरूप स्तर की गतिविधियों में भाग लेने में स्कूल उनकी मदद करता है। अपनी और अपनी संतान की मदद हेतु उचित साधनों, उपकरणों और सुझावों के बारे में अपनी संतान के टीचर से बात करें।

यदि आपकी संतान कोई अन्य भाषा या बोली बोलती है, तो उन्हें अंग्रेज़ी भाषा की ध्वनियों को सुनने के लिए समय की ज़रूरत होती है। ऐसा हो सकता है कि ये सब ध्वनियाँ सुनने और बोलने में उन्हें दो साल तक का समय लगे।

- जो अक्षर और ड्राइंग आपकी संतान के बनाए हों उन्हें प्रदर्शित करें। उनके लिए टिप्पणियाँ लिखें जैसे कि: *मुझे तुम पर बहुत गर्व है!*
- फ्रिज या चुम्बकीय बोर्ड पर वर्णमाला के चुम्बकीय अक्षरों का प्रयोग करें। शब्द बनाने में अपनी संतान की मदद करें।
- घर पर, बाहर घूमते-फिरते, सैर करते और यात्रा करते समय शब्दों को खोजें जैसे कि संकेतकों और दुकानों पर प्रदर्शित शब्द।
- घर पर एक संदेश बोर्ड स्थापित करें और अपनी संतान के लिए उस पर संदेश लिखें। उन्हें आपके और परिवार के अन्य सदस्यों के लिए संदेश लिखने के लिए कहें।
- जंक मेल का अच्छा प्रयोग करें! अपनी संतान को निम्नलिखित करने के लिए कहें:
  - किसी खास अक्षर जैसे कि m और किसी खास आवाज जैसे कि sh वाले शब्दों पर गोले का निशान लगायें
  - दो अक्षरों वाले शब्दों, तीन अक्षरों वाले शब्दों आदि के नीचे लकीर खींचे
  - गिनती करें कि वे कितनी बार एक खास शब्द का पता लगा सकते हैं जैसे कि the – इससे उन्हें आम शब्दों की पहचान करने में मदद मिलती है।

टेलीविज़न बंद कर दें। अगर कोई रोक-टोक न हो तो आपकी संतान के लिए ध्यान लगाना अधिक आसान होता है।

Department of **Education**

आपको और अधिक जानकारी education.wa.edu.au पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015